www.prepp.in

# GENERAL STUDIES-II

# सामान्य अध्ययन-2

Prepp
Your Personal Exams Guide

समय : तीन घंटे
**Time Allowed : Three Hours**

अधिकतम अंक : 200
**Maximum Marks : 200**

## प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को, प्रश्नों के उत्तर देने से पहले, ध्यानपूर्वक पढ़ लें।

1. इसमें **28** प्रश्न हैं तथा हिंदी और अंग्रेजी दोनों में छपे हैं।
2. **सभी** प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. परीक्षार्थियों को प्रश्न/प्रश्न के भाग के उत्तर खंड में दिए गये निर्देशों के अनुसार ही देने होंगे।
4. प्रत्येक प्रश्न/प्रश्न के भाग के अधिकतम अंक उसके सामने दिए गए हैं।
5. एक प्रश्न के सभी भागों के उत्तर, प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में उनके नियत स्थान पर लिखे जाने चाहिए। प्रश्नों/प्रश्न के भाग के उत्तर अनुक्रमवार गिने जायेंगे।
6. अगर उत्तर काटा नहीं गया है, तो आंशिक उत्तर देने पर भी उसे गिना जायेगा। यदि प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में कोई पृष्ठ या भाग खाली छोड़ दिया गया है, उसे लकीर खींचकर स्पष्टतः काट देना आवश्यक है।
7. उम्मीदवारों को स्पष्ट, सुपाठ्य और संक्षिप्त उत्तर लिखना और शब्द सीमाओं का पालन करना आवश्यक है, जहाँ कहीं भी संकेत दिया गया हो। शब्द सीमा का पालन न करने पर दंडित किया जा सकता है।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.

1. There are **28** questions printed in both Hindi and English.
2. *All* questions are compulsory.
3. Candidates should attempt questions/parts as per the instructions given in the section.
4. The number of marks carried by the question/part is indicated against it.
5. All parts of a question shall be attempted at the place designated for them in the Question-cum-answer Booklet. Attempts of part/questions shall be counted in sequential order.
6. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.
7. Candidates are required to write clear, legible and concise answers and to adhere to word limits, wherever indicated. Failure to adhere to word limit may be penalized.

www.prepp.in

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्न संख्या **1** से **15** तक के उत्तर **60** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए। शब्द विस्तार की अपेक्षा प्रश्नोत्तर की अन्तर्वस्तु अधिक महत्वपूर्ण है। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।

Attempt *all* questions. Answer to Question No. **1** to **15** should not exceed to **60** words in each case. Contents of the answers are more important than their length. Each question carries **4** marks.

1. भारतीय संविधान के दार्शनिक दृष्टिकोण क्या हैं ?

   What are the philosophical moorings of Indian Constitution ?

2. राज्य के राज्यपाल की स्वविवेकी शक्तियाँ कौन-कौनसी हैं ?

   What are the discretionary powers of the Governor of a State ?

3. कटौती प्रस्ताव किसे कहते हैं ?

   What is token cut motion ?

4. गैर-सरकारी संस्थाओं की क्या सीमाएँ हैं ?

   What are the limitations of Non-Governmental Organizations (NGOs) ?

5. पारिवारिक महिला लोक अदालत क्या है ?

   What is *Parivarik Mahila Lok Adalat* (PMLA) ?

6. वरिष्ठ नागरिक अधिनियम, 2007 के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के कौन-कौनसे कानूनी अधिकार हैं ?

   What are the legal rights of the Senior Citizens under the Senior Citizens Act, 2007 ?

7. भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' क्या है ?

   What is 'Act East Policy' of India ?

8. संयुक्त राष्ट्र के लोकतंत्रीकरण से आपका क्या अभिप्राय है ?

   What do you mean by democratisation of the United Nations ?

9. भारत-इजराइल सामरिक साझेदारी के प्रमुख बिंदु क्या-क्या हैं ?

   What are the main highlights of India-Israel strategic partnership ?

10. डोकलाम मुद्दे पर भारत और चीन के क्या दृष्टिकोण हैं ?

    What is the stand of India and China over Doklam issue ?

11. हि.प्र. लोकायुक्त अधिनियम, 1983 के अन्तर्गत लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए क्या पात्रता शर्तें हैं ?

    Under the H.P. Lokayukta Act of 1983, what are the eligibility conditions for the appointment of Lokayukta ?

www.prepp.in

12. हि.प्र. के किन विभागों के गाँव स्तर पर कार्यरत कर्मियों को उस ग्राम सभा की बैठकों में भाग लेना अनिवार्य किया गया है जिसकी अधिकारिता में वे तैनात हैं ?

For the village level functionaries of which Departments in H.P. it is mandatory to attend the meetings of the Gram Sabha in whose Jurisdiction they are posted ?

13. 2012 के हि.प्र. विधान सभा चुनाव में प्राप्त वोटों के आधार पर और जीती गई सीटों के आधार पर काँग्रेस और बी.जे.पी. का क्या प्रदर्शन रहा है ?

What has been the performance of the Congress and the BJP in the 2012 H.P. Vidhan Sabha elections in terms of votes polled and seats won ?

14. हि.प्र. में मुख्य मन्त्री बाल उद्धार योजना के अन्तर्गत उन बच्चों को जिन्हें देख-रेख, सुरक्षा और पुनर्वास की आवश्यकता है, क्या सहायता दी जा रही है ?

What help is being provided in H.P. under the Mukhyamantri Bal Uddhar Yojana to the children who need care, protection and rehabilitation ?

15. हि.प्र. में स्थाई कृषि पर राष्ट्रीय मिशन (एन.एम.एस.ए.) के तहत क्या मुख्य क्रिया-कलाप हैं ?

What are the main activities of National Mission on Sustainable Agriculture (NMSA) in H.P. ?

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्न संख्या **16** से **25** तक के उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए। शब्द विस्तार की अपेक्षा प्रश्नोत्तर की अन्तर्वस्तु अधिक महत्वपूर्ण है। प्रत्येक प्रश्न **8** अंकों का है।

Attempt *all* questions. Answer to Question No. **16** to **25** should not exceed to **120** words in each case. Contents of the answers are more important than their length. Each question carries **8** marks.

16. संसदीय संप्रभुता क्या है ? क्या आपके अनुसार भारतीय संसद संप्रभु है ?

What is parliamentary sovereignty ? Do you think Indian Parliament is sovereign ?

17. 73वें संविधान संशोधन के स्वैच्छिक प्रावधान क्या हैं ?

What are the voluntary provisions of the 73rd Constitutional Amendment ?

18. क्या आप इस मत से सहमत हैं कि सरकारी एजेंसियों की तुलना में स्व-सहायक समूह गरीबों के कष्टों के निवारण में अधिक प्रतिबद्ध हैं ?

Do you agree with the view that Self-Help Groups (SHGs) are more devoted to the task of reducing the sufferings of the poor than the government agencies ?

19. लोक-केन्द्रित शासन के संवर्धन में नागरिक समाज की भूमिका का आकलन कीजिए।

Examine the role of Civil Society in promoting people-centric governance.

www.prepp.in

20. हिन्द-प्रशांत क्षेत्र की ओर भारत की नीति की विवेचना कीजिए।

Discuss India's policy towards Indo-Pacific region.

21. भारत की विदेश नीति में ऊर्जा सुरक्षा का क्या महत्व है ?

What is the importance of energy security in India's foreign policy ?

22. भारत के 'दूर के पड़ोसियों' के प्रति नीति के प्रमुख आयामों का वर्णन कीजिए।

Describe the basic facets of India's 'extended neighbourhood' policy.

23. सिरमौर रियासत में 1942 ईसवी में हुआ पझौता आन्दोलन क्या था ?

What was the Pajhota agitation of 1942 in the Sirmaur princely state ?

24. हि.प्र. राज्य सूचना आयुक्त द्वारा किस-किस आधार पर राज्य के पब्लिक सूचना अधिकारियों को दण्डित किया जा सकता है ?

On what grounds can penalties be imposed by the H.P. State Information Commissioner on the Public Information Officers of the state ?

25. हि.प्र. में वर्ष 2016-17 तक ई-जिला परियोजना के अन्तर्गत कौन-कौनसी गतिविधियाँ पूरी कर ली गई हैं ?

What activities have been completed in H.P. under e-District Project upto 2016-17 fiscal ?

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्न संख्या **26** से **28** तक के उत्तर **400** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए। शब्द विस्तार की अपेक्षा प्रश्नोत्तर की अन्तर्वस्तु अधिक महत्वपूर्ण है। प्रत्येक प्रश्न **20** अंकों का है।

Attempt *all* questions. Answer to Question No. **26** to **28** should not exceed to **400** words in each case. Contents of the answers are more important than their length. Each question carries **20** marks.

26. भारतीय संघवाद में संघ और राज्यों के मध्य वित्तीय संबंध विवाद का एक प्रमुख मुद्दा है। आकलन कीजिए।

Financial relations between the Union and the States is one of the key areas of contention in Indian federation. Examine.

27. भारत की 'कठोर' एवं 'मृदु' शक्ति क्षमताओं के संदर्भ में क्या इसे एक मुख्य वैश्विक शक्ति की मान्यता प्रदान की जा सकती है ?

Can India be acknowledged as a major global power in the light of its 'hard' and 'soft' power capabilities ?

28. हिमाचल प्रदेश के 1948 के मुख्यायुक्त प्रान्त से लेकर 1971 में पूर्ण राज्य प्राप्ति तक के सफर का वर्णन कीजिए।

Trace the journey of Himachal Pradesh from Chief Commissioner's Province in 1948 to full statehood in 1971.